आटे का लड़का

हेरिएट, चित्र : एमिली, हिंदी : विदूषक



एक बूढ़ा आदमी और एक बूढ़ी औरत
अपने पुराने घर में रहते थे.

उनके कोई बच्चा नहीं था.

वो बूढ़ी औरत बहुत चाहती थी कि
उसका एक छोटा लड़का हो.
इसलिए उसने आटे का एक छोटा सा
लड़का बनाया.

फिर उसने उसे पकाने के लिए
गर्म भट्टी में रखा.

जब औरत ने भट्टी का दरवाज़ा खोला.



तब उसमें से आटे का छोटा
लड़का कूदकर बाहर भागा .....



...फिर वो घर के दरवाज़े से बाहर निकला!
“रुको! रुको!” बूढ़ी औरत चिल्लाई.

“रुको! रुको!” बूढ़ा आदमी चिल्लाया.



उस आटे के लड़के ने कहा:
“तुम चाहें जितनी तेज़ दौड़ो
पर तुम मुझे पकड़ नहीं पाओगे.
क्योंकि मैं आटे का लड़का हूँ.”



आटे का लड़का दौड़ता गया.
वो एक गाय के आगे निकला.
“रुको! रुको!” गाय ने कहा.

पर आटे के लड़के ने कहा:
“मैं एक बूढ़े आदमी और एक बूढ़ी औरत
को छोड़कर भागा हूँ.
मैं तुम्हें भी छोड़कर भाग सकता हूँ!”

आटे का लड़का दौड़ता गया.
कुछ देर में वो एक घोड़े के आगे निकला.
“रुको! रुको!” घोड़े ने कहा.

पर आटे के लड़के ने कहा:
“मैं एक बूढ़े आदमी, एक बूढ़ी औरत
और एक गाय को छोड़कर भागा हूँ.
मैं तुम्हें भी छोड़कर भाग सकता हूँ –
सच में!”



आटे का लड़का दौड़ता गया.
कुछ देर में वो एक किसान के आगे
निकल गया.

"रुको! रुको!" किसान ने कहा.
पर आटे के लड़के ने कहा:

"मैं एक बूढ़े आदमी, एक बूढ़ी औरत
एक गाय और घोड़े को छोड़कर भागा हूँ.
मैं तुम्हें छोड़कर भी भाग सकता हूँ!"

फिर आटे का लड़का दौड़ता गया.
अंत में वो एक नदी के पास पहुंचा.
वो वहां जाकर रुका.

वहां एक लोमड़ी दौड़ रही थी.
लोमड़ी ने आटे के लड़के को देखा.
लोमड़ी को लगा कि आटे के लड़के को
खाने में उसे बहुत मज़ा आएगा.

लोमड़ी बहुत चालाक थी.
उसने आटे के लड़के से कहा.
“मैं नदी पार करने में तुम्हारी मदद करूंगी.
आओ, तुम मेरी पूँछ पर बैठ जाओ.”

फिर आटे का लड़का
लोमड़ी की पूँछ पर बैठ गया.

लोमड़ी नदी में तैरने लगी.



“तुम पीछे भीग रहे हो,” लोमड़ी ने कहा. “तुम पूँछ से मेरी पीठ पर आकर बैठ जाओ?”

फिर आटे का लड़का
लोमड़ी की पूँछ पर आकर बैठ गया.

तब लोमड़ी ने कहा:
“तुम बहुत भारी हो
मेरी पीठ पर बहुत बोझ है.
कृपा तुम मेरे सिर पर आकर बैठ जाओ.”

फिर लोमड़ी ने कहा:
“तुम मेरे सिर के लिए भी बहुत भारी हो.
कृपा तुम कूदकर मेरी नाक पर आकर बैठ
जाओ.”



फिर आटे का लड़का कूदकर
लोमड़ी की नाक पर बैठ गया.

फिर लोमड़ी ने अपना
सिर घुमाया और ...



और फिर वो झट से
आटे के लड़के को चबा गई!